# जनवरी से गंगा एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरेंगे वाहन

उन्नाव। अगले साल प्रयागराज में होने वाले कुंभ को देखते हुए गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी हो रहा है। कार्यदायी संस्था का दावा है कि जनवरी से एक्सप्रेसवे पर वाहन फर्राटा भर सकेंगे। प्रयागराज तक की 211 किमी की दूरी मात्र ढाई घंटे में पूरी होगी।

मेरठ से प्रयागराज के बीच बन रहा गंगा एक्सप्रेसवे जिले की छह तहसीलों के 76 गांवों से होकर निकल रहा है। जनपद में इसकी लंबाई 83 किमी के आसपास है। जिले में 1314 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। 18 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहजहांपुर में एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी। संवाद